प्रेषक

महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।
3. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड।
4. अपर निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक कुमाऊँ मण्डल नैनीताल।
5. अपर निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
6. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/प्रारम्भिक।

पत्रांक– एम0आई0एस0/5266-5320/समीक्षा बैठक/2013–14 दिनांक 11 नवम्बर, 2013

विशय– 18 नवम्बर, 2013 को विभागीय समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 18 नवम्बर, 2013 को प्रातः 11:00 बजे **राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, देहरादून के सभागार में** प्रमुख सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आहूत की गई है, जिसमें आप सभी के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी :–

1. विद्यालयों के निरीक्षण पर चर्चा एवं निर्देश।
2. विद्यालयों के निरीक्षण सम्बन्धी पूर्ण आख्या तथा 21 अक्टूबर,2013 को किए गए निरीक्षण में शासकीय कार्य पर गये 291 शिक्षकों का विवरण (निर्धारित प्रारूप पर) एवं बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित पाये गये 25 अध्यापकों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही का विवरण।
3. उत्तराखण्ड शिक्षक (विद्यालयी शिक्षा) प्रथम नियुक्ति, पदोन्नति एवं स्थानान्तरण नियमावली–2013 के अन्तर्गत किये गये अनिवार्य स्थानान्तरणों के फलस्वरूप कार्यभार मुक्त व ग्रहण की सूचना। कार्यमुक्त न होने व ग्रहण न करने वाले शिक्षकों का पूर्ण विवरण एवं उनके विरूद्ध की गयी कार्यवाही का विवरण।
4. अनुरोध के आधार पर प्राप्त आवेदनों का (आवेदन का आधार की श्रेणी के अनुसार) संख्यात्मक विवरण।
5. अपने मूल तैनाती स्थल से अन्यत्र सम्बद्ध शिक्षकों/कर्मचारियों की सूची, सम्बद्ध कार्मिकों को कार्यमुक्त करने के उपरान्त किसी भी शिक्षक/कर्मचारी के सम्बद्ध न होने का प्रमाण पत्र।
6. सर्व शिक्षा अभियान :–
   (क) निर्माणाधीन कार्य की प्रगति निमार्णाधीन कार्यो का प्रतिशत एवं अनारम्भ कार्यो का विवरण।
   (ख) कस्तूरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालयों के निर्माण की प्रगति।
   (ग) मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएँ यथा पेयजल, शौचालय (बालक एवं बालिका अलग–अलग), विद्युतीकरण, रैम्प–रेंलिग निर्माण कार्य की प्रगति।
   (घ) दैवीय आपदा के अन्तर्गत पूर्ण व आंशिक निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति।
   (ङ) शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 2013–14 में नामांकन की स्थिति एवं वर्ष 2011–12 व 2012–13 में प्रति बालक प्रतिपूर्ति के भुगतान की स्थिति
   (च) सर्व शिक्षा अभियान में राज्याशं की स्वीकृति/अवमुक्त की स्थिति।
   (छ) निःशुल्क "गतिविधि पुस्तिकाओं" के वितरण एवं भुगतान की स्थिति।

(ज) जनपद उधमसिंहनगर व नैनीताल में वनखत्तों में भूमि हस्तान्तरण की प्रगति एवं सेवित बस्तियों की अधिसूचना व अनुमोदन की स्थिति।

7. जनपद स्तर पर मा0 उच्च न्यायालय एवं मा0 सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित वादों का विवरण (माध्यमिक/प्रारम्भिक)।

8. राज्य योजना/एस0सी0पी0/टी0एस0पी0 के अन्तर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति।

(क) कस्तूरबा गॉधी विद्यालायों के निर्माण कार्यो की प्रगति।

(ख) रा0गा0न0वि0 टिहरी, पिथौरागढ़, नैनीताल एवं चम्पावत के कार्यो की प्रगति।

(ग) जिला योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति।

(घ) आगामी वित वर्ष 2014–15 हेतु जिला योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य योजना का विवरण।

9. जनपद बागेश्वर, चम्पावत, व टिहरी में डी0बी0टी0 योजना की प्रगति।

10. इन्सपायर एवार्ड समीक्षा।

11. राष्ट्रीय सह साधन मेधावी छात्रवृत्ति की प्रगति।

12. **राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियानः–**

(क) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के निर्माण कार्यो में भूमि विवाद से रूके हुए कार्यो के लिए भूमि की उपलब्धता की स्थिति।

(ख) बालिका छात्रावास भिलंगना व प्रताप नगर (जनपद टिहरी) में भूमि की उपलब्धता की स्थिति।

(ग) दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त रा0इ0का0 व हाईस्कूलों की विभिन्न एजेन्सियों के माध्यम से प्राप्त विस्तृत आगणनों की उपलब्धता।

(घ) आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुनः निर्माण की स्थिति।

(ङ) U-DISE प्रपत्रों का फीडिंग कार्य की अद्यतन स्थिति।

अतः उक्त बिन्दुओं की सूचनायें अनिवार्य रुप से दिनांक 12 नवम्बर, 2013 तक अनिवार्य रूप से **ई–मेल dgeduuk@gmail.com/फैक्स** के माध्यम से महानिदेशालय को उपलब्ध करायें तथा प्रस्तावित तिथि को आयोजित बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(राधिका झा)
महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।

पृ. सं0– /एम0आईएस0/समीक्षा बैठक/2013–14 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड को अवलोकनार्थ।
2. निजि सचिव, मा0 शिक्षा मंत्री, को मा0 मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
4. अपर निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा मुख्यालय।
5. अपर राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान/सीमैट उत्तराखण्ड।
6. संयुक्त निदेशक मध्याहन भोजन योजना।

(राधिका झा)
महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।